# SATISH CHANDRA MEMORIAL SCHOOL

**Assertion Reasoning Practice Test (2024-25)**

**CLASS XI**

**HINDI CORE (302)**

Time Allowed: Maximum Marks: 20

निर्देश :

- खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं।
- खंड 'ख' में पाठ्य-पुस्तकों पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं।

खंड - क (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- 5

आज़ाद भारत में दुर्गा भाभी को उपेक्षा और आदर दोनों मिले। सरकारों ने उन्हें पैसों से तोलना चाहा। कई वर्ष पहले पंजाब में उनके सम्मान में आयोजित एक समारोह में तत्कालीन मुख्यमंत्री दरबारा सिंह ने उन्हें 51 हज़ार रुपये भेंट किए। भाभी ने वे रुपये वहीं वापस कर दिए। कहा- "जब हम आज़ादी के लिए संघर्ष कर रहे थे, उस समय किसी व्यक्तिगत लाभ या उपलब्धि की अपेक्षा नहीं थी। केवल देश की स्वतंत्रता ही हमारा ध्येय था। उस ध्येय पथ पर हमारे कितने ही साथी अपना सर्वस्व निछावर कर गए, शहीद हो गए। मैं चाहती हूँ कि मुझे जो 51 हजार रुपये दिए गए हैं, उस धन से यहाँ शहीदों का एक बड़ा स्मारक बना दिया जाए, जिसमें क्रांतिकारी आंदोलन के इतिहास का अध्ययन और अध्यापन हो, क्योंकि देश की नई पीढ़ी को इसकी बहुत आवश्यकता है।"

मुझे याद आता है सन् 1937 का जमाना, जब कुछ क्रांतिकारी साथियों ने गाजियाबाद तार भेजकर भाभी से चुनाव लड़ने की प्रार्थना की थी। भाभी ने तार से उत्तर दिया- "चुनाव में मेरी कोई दिलचस्पी नहीं है। अतः लड़ने का प्रश्न ही नहीं उठता।"

मुल्क के स्वाधीन होने के बाद की राजनीति भाभी को कभी रास नहीं आई। अनेक शीर्ष नेताओं से निकट संपर्क होने के बाद भी वे संसदीय राजनीति से दूर ही बनी रहीं। शायद इसलिए अपने जीवन का शेष हिस्सा नई पीढ़ी के निर्माण के लिए अपने विद्यालय को उन्होंने समर्पित कर दिया।

(i) कथन (A) और कारण (R) पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -

कथन (A): आज़ाद भारत में दुर्गा भाभी को उपेक्षा और आदर दोनों मिले।

कारण (R): सरकारों ने उन्हें पैसों से तोलना चाहा |

क. कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।
ख. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।
ग. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
घ. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): अनेक शीर्ष नेताओं से निकट संपर्क होने के बाद भी वे संसदीय राजनीति से दूर ही बनी रहीं।

कारण (R): आज़ादी के बाद की राजनीति भाभी को रास नहीं आई। ।

क. कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।
ख. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।
ग. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
घ. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iii) कथन (A) और कारण (R) पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): शहीदों का एक बड़ा स्मारक बना दिया जाए, जिसमें क्रांतिकारी आंदोलन के इतिहास का अध्ययन और अध्यापन हो ।

कारण (R): देश की नई पीढ़ी को क्रांतिकारी आंदोलन के इतिहास का अध्ययन और अध्यापन की बहुत आवश्यकता है।"।

क. कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।
ख. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।
ग. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
घ. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) कथन (A) और कारण (R) पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): मुख्यमंत्री दरबारा सिंह ने उन्हें 15 हज़ार रुपये भेंट किए ।

कारण (R): उन्हें किसी व्यक्तिगत लाभ या उपलब्धि की अपेक्षा नहीं थी ।

क. कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

ख. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

ग. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

घ. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(v) कथन (A) और कारण (R) पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): अपने जीवन का शेष हिस्सा नई पीढ़ी के निर्माण के लिए अपने विद्यालय को उन्होंने समर्पित कर दिया ।

कारण (R): वे संसदीय राजनीति से दूर ही बनी रहीं ।

क. कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

ख. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

ग. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

घ. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- 5

विज्ञान-शिक्षण के पक्षधरों ने कल्पना की थी कि शिक्षा में इसकी शुरुआत पारंपरिकता, कृत्रिमता और पिछड़ेपन को दूर करेगी। यह सोच पुराने समय से चली आ रही-'तथ्य प्रचुर पाठ्यचर्या' जिसके अंतर्गत-आलोचना, चुनौती, सृजनात्मकता व विवेचनात्मकता का अभाव था, आदि के कारण पैदा हो रही थी। मानवतावादियों ने सोचा था कि वैज्ञानिक पद्धति मध्यकालीन मतवाद के अंधविश्वासों को जड़ से मिटा देगी, किंतु हमारे शिक्षकों ने रासायनिक प्रतिक्रियाओं की समझ को भी प्रेमचंद की कहानियों की तरह केवल पढ़ा व रटाकर उन्हें नीरस बना दिया।

शिक्षा में विज्ञान-शिक्षण सम्मिलित करने के लिए तर्क दिया गया था कि इससे बच्चे विज्ञान की खोजों से परिचित हो सकेंगे तथा अपने वास्तविक जीवन में घट रही घटनाओं के बारे में कुछ सीखेंगे। वे वैज्ञानिक विधि का अध्ययन कर तार्किक रूप से कैसे सोचना है, के कौशल में पारंगत होंगे। इन उद्देश्यों में से केवल पहले ही में एक सीमित सफलता मिली है। दूसरे व तीसरे में व्यावहारिक रूप से बच्चे कुछ भी नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। अधिकतर बच्चों से भौतिकी और रसायन विज्ञान के तथ्यों के बारे में कुछ जानने की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन वे शायद ही जानते हों कि उनका कंप्यूटर अथवा कार का इंजन कैसे कार्य करते हैं अथवा क्यों उनकी माता जी सब्जी पकाने के लिए उसे छोटे टुकड़ों में काटती हैं। जबकि वैज्ञानिक पद्धति में रुचि रखने वाले किसी भी उज्ज्वल लड़के को ये बातें सहज रूप से ही ज्ञात हो जाती हैं।

वैज्ञानिक पद्धति की शिक्षा अधिकांश विद्यालयों में भली प्रकार से नहीं दी जा रही है। दरअसल, शिक्षकों ने अपनी सुविधा और परीक्षा केंद्रित सोच के कारण, यह सुनिश्चित कर लिया है कि छात्र वैज्ञानिक पद्धति न सीखकर ठीक इसका उल्टा सीखें अर्थात वे जो बताएँ, उस पर आँख मूँद कर विश्वास करें और पूछे जाने पर उसे जस का तस परीक्षा में लिख दें। वैज्ञानिक पद्धति को आत्मसात करने के लिए लंबे व्यक्तिगत अनुभव तथा परिश्रम व धैर्य पर आधारित वैज्ञानिक मूल्यों की आवश्यकता होती है और जब तक इसे संभव बनाने के लिए शैक्षिक या सामाजिक प्रणालियों को बदल नहीं दिया जाता है, वैज्ञानिक तकनीकों में सक्षम फेवल कुछ बच्चे ही सामने आएँगे तथा इन तकनीकों को आगे विकसित करने वालों की संख्या इसका भी अंश मात्र ही होगी।

(i) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): विज्ञान-शिक्षण के पक्षधरों ने कल्पना की थी कि शिक्षा में इसकी शुरुआत पारंपरिकता, कृत्रिमता और पिछड़ेपन को दूर करेगी।

कारण (R): वैज्ञानिक पद्धति मध्यकालीन मतवाद के अंधविश्वासों को जड़ से मिटा देगी।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): शिक्षकों ने विज्ञान शिक्षा को लागू करने के प्रयासों को विफल किया है।

कारण (R): हमारे शिक्षकों ने रासायनिक प्रतिक्रियाओं की समझ को भी प्रेमचंद की कहानियों की तरह केवल पढ़ा व रटाकर उन्हें नीरस बना दिया।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): वे जो बताएँ, उस पर आँख मूँद कर विश्वास करें और पूछे जाने पर उसे जस का तस परीक्षा में लिख दें ।

कारण (R): शिक्षकों ने अपनी सुविधा और परीक्षा केंद्रित सोच के कारण, यह सुनिश्चित कर लिया ।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(iv) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): शिक्षकों ने विज्ञान शिक्षा को लागू करने के प्रयासों को सफल किया है ।

कारण (R): छात्र वैज्ञानिक पद्धति सीखकर ठीक इसका उल्टा सीखें ।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A): जब तक शैक्षिक या सामाजिक प्रणालियों को बदल नहीं दिया जाता है, वैज्ञानिक तकनीकों में सक्षम केवल कुछ बच्चे ही सामने आएँगे ।

कारण (R): वैज्ञानिक पद्धति को आत्मसात करने के लिए लंबे व्यक्तिगत अनुभव तथा परिश्रम व धैर्य पर आधारित वैज्ञानिक मूल्यों की आवश्यकता होती है ।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

<u>खंड 'ख' (पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रश्न)</u>

3. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A): लता मंगेशकर प्रसिद्ध गायिका नूरजहां के बाद में आई पर उनसे आगे निकल गई।

कारण (R): लता के स्वरों की कोमलता और निर्मलता मनुष्य को जीवन से जोड़ता था ।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

4. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A): लता मंगेशकर ने करुण रस के गानों के साथ न्याय नहीं किया।

कारण (R): लता ज्यादातर ऊंची पट्टी में ही गाती थी जो चिल्लाने जैसा होता था।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

5. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A): निजी होते हुए भी सार्वजनिक क्षेत्र में कुईंयों पर ग्राम समाज का अंकुश लगा रहता है।

कारण (R): - क्षेत्र में बनी हर नई कुईं का अर्थ है पहले से तय नमी का बंटवारा।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

6. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A) : कुईं का मुंह छोटा रखा जाता है।

कारण (R) : छोटे-छोटे हाथों से पानी निकलना सहज होता है।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

7. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A): रजनी के आंदोलन को समाचार पत्र के संपादक का साथ मिला।

कारण (R): - यह जनहित का मुद्‌दा था अनेक लोग इसमें शामिल थे।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

8. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A): रजनी शिक्षा में आई भ्रष्टाचार के खिलाफ नहीं थी ।

कारण (R): वह अपने बेटे की समस्या का समाधान करना चाहती थी।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

9. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A): धनराम के ऑफर में आकर मोहन खड़ा रहा, बैठा नहीं।

कारण (R): - मोहन धनराम को अपने से छोटा समझता था।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

10. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A): धनराम निश्चित था कि मोहन बहुत बड़ा अधिकारी नहीं बनेगा ।

कारण (R): -मोहन कुशाग्र बुद्धि का विद्यालय का सबसे होनहार विद्यार्थी नहीं था।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

11. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A): कर्जन के शासन काल का नाटक दुखांत है ।

कारण (R): - कर्जन की नीतियों के कारण देश में समस्याएं बढ़ती गई ।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

12. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- 1

कथन (A): न्याय के मैदान में धर्म और धन में युद्ध ठन गया।

कारण (R): - मुंशी वंशीधर ने अपने पिता की आज्ञा का पालन नहीं किया था।

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

XXXXXX